जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 07.04.2019

उपस्थिति 23

नव निर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 07.04.2019 रविवार समय सांय 5.00 बजे स्थान महर्षि भृगु सदन सुन्दर मार्ग, तिलक नगर में श्री विनोद जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

ईश वन्दना के पश्चात बैठक कि कार्यवाही प्रारम्भ हुई। दिवंगत आत्माओं को स्मरण कर दो मिनट का मौन रखकर 5 मिनट के लिए सभा स्थगित की गयी। पुनः प्रारम्भ बैठक में अध्यक्ष के निर्देश के पश्चात् गत बैठक की कार्यवाही को कायकारिणी की पुष्टि हेतु पढकर सुनाया गया सभा द्वारा सहमति प्रदान की गई ।

नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। सचिव द्वारा कहा गया कि चुनाव निर्विरोध हुए इसलिए उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव को क्रमानुसार परची डालकर क्रम वाद करना है। यह सविधान के अनुसार किया गया। उपाध्यक्ष में प्रथम स्थान पर श्री अरूण जी, दुसरे स्थान पर श्री मुकेश जी (भार्गव भवन), तिसरे स्थान पर श्री संजीव जी रहें। इसी प्रकार संयुक्त सचिव ने अपने आप निर्णय लिया वो इस प्रकार है। संयुक्त सचिव में प्रथम स्थान पर श्री आशीष जी, दुसरे स्थान पर श्री विजय जी एंव तिसरे स्थान पर श्री मनोज जी हुए, इस के साथ ही कार्यकारिणी हेतु 5 सदस्यों का सहवरण किया गया, अध्यक्ष द्वारा नामित श्री धीरेन्द कुमार जी, सचिव द्वारा नामित श्री मुनीष कुमार जी, श्री दीपक जी, श्री नवीन जी (झोटवाड़ा), श्री राजीव जी (मानसरोवर), बर्तन भंडारी का सहवरण श्री गोपाल शंकर जी को किया गया। इसके साथ ही महर्षि भृगु सदन के संयोजक के लिए श्री जितेन्द कुमार जी का नाम सर्व सम्मति से किया गया। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा सभी को धन्यवाद देकर बैठक को विराम दिया गया ।